आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 26.11.2020

आरेडिका में किया गया 'संविधान दिवस' का आयोजन

भारतीय संविधान की 71 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 26.11.2020 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के प्रसाशानिक भवन स्थित कान्फ्रेंस हॉल कक्ष में 'संविधान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से भारतीय संविधान की 'उद्देशिका' का पाठ किया गया । महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव एवं अन्य उच्चाधिकारियों ने भी संविधान की 'उद्देशिका' का पाठ किया ।

आरेडिका के सभी अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर ही भारतीय संविधान की 'उद्देशिका' को पढ़ा ।

इसके अतिरिक्त प्रशांति परिसर के शॉपिंग काम्प्लेक्स में भी भारतीय संविधान के निर्माण में महापुरुषों द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण योगदान पर चित्रप्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी को आरेडिका के अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने देखा तथा संविधान की 'उद्देशिका' एवं 'मौलिक कर्तव्यों' और महापुरुषों के योगदान से रुबरु हुए ।

इस अवसर पर आरेडिका के सेमिनार हॉल में कार्मिक विभाग के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/राज0 श्री अनिल कुमार यादव के संचालन में संवैधानिक मूल्यों और भारतीय संविधान के मूल सिद्वान्तों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया । इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आरेडिका के पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उत्साह के साथ भाग लिया।

26/11/2020

(वी.के. दूबे)
मुख्य जन-संपर्क अधिकारी